Nai Dunia (Indore), 12th December 2022, Page – 01

# दुनिया को अपने कुशल प्रबंधन का जौहर दिखाएंगे इंदौर के 365 विद्यार्थी

**इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट के प्रबंधन का बनेंगे हिस्सा**

**यह होगी जिम्मेदारी** विद्यार्थी बैठक, बुक की गई होटल, स्वागत, पार्किंग, खान-पान सहित कई तरह के इंतजामों में करेंगे सहयोग

**अहम पहल** आइआइएम और आइआइटी समेत कई शिक्षण संस्थानों से मांगे गए विद्यार्थियों के नाम


नाम तय होने के बाद प्रशासनिक अधिकारी देंगे प्रशिक्षण

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का अनुभव शहर के विद्यार्थियों को भी मिलेगा। आइआइएम, आइआइटी सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 365 विद्यार्थी जिम्मेदारी संभालेंगे। ये विद्यार्थी बैठक, बुक की गई होटल, स्वागत, पार्किंग, खान-पान सहित कई तरह के इंतजामों में सहयोग करेंगे।

प्रशासन विद्यार्थियों की पूरी जानकारी एकत्रित कर रहा है। कालेजों से कहा जा रहा है कि वे ऐसे विद्यार्थियों के नाम भेजें, जिनका अकादमिक और अन्य रिकार्ड बेहतर है। नाम तय होने के बाद प्रशासनिक अधिकारी उन्हें प्रशिक्षण देंगे। अलग-अलग टीमें बनाकर कार्यों का निर्धारण किया जाएगा। किसी भी स्तर पर चूक न हो, इसके लिए पूरे समय प्रशासन की नजर रहेगी।

## सज रहा शहर

प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर समिट में आने वाले मेहमानों के लिए शहर में रंगाई-पुताई और सुंदरीकरण का काम भी तेजी से चल रहा है। विजय नगर क्षेत्र में पानी की टंकी पर खूबसूरत पेंटिंग की गई है। ● नईदुनिया



## इंटरनेट मीडिया पर करेंगे प्रचार-प्रसार

विद्यार्थियों की एक टीम आठ जनवरी के पहले सक्रिय हो जाएगी। इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर दोनों आयोजनों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में होने वाले प्रेजेंटेशन, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और फोटोग्राफी के लिए भी कुछ विद्यार्थी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तरह की सूचना प्रशासन अतिथियों को देगा। इसके लिए अलग से विंडो होगी, जहां टैक्सी, शहर के प्रमुख स्थान, शहर के आसपास के धार्मिक स्थल, होटल, रेस्त्रां और अन्य तरह की जानकारी रहेगी। इस हेल्प डेस्क पर भी विद्यार्थी मौजूद रहेंगे।

## शिक्षण संस्थान की सहमति के बिना नहीं दे सकेंगे सेवाएं

प्रशासन के पास कई शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को आयोजन में शामिल करने की अपील कर रहे हैं। कुछ विद्यार्थी निश्शुल्क सेवा देने के लिए तैयार हैं। हालांकि सीधे तौर पर विद्यार्थियों को जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। शिक्षण संस्थान की सहमति जरूरी होगी।



"प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रबंधन कार्य में सहयोग करने लिए हमारे कई विद्यार्थियों को भेजा जाएगा। इससे एमबीए और बीई कोर्स के विद्यार्थियों को भी विभिन्न कार्यों का अनुभव मिलेगा तो वे अन्य विद्यार्थियों को भी इसकी जानकारी देंगे।

**- प्रो. राकेश सक्सेना**, निदेशक, एसजीएसआइटीएस

जनवरी में होने वाले दोनों आयोजनों से विद्यार्थियों को भी अनुभव मिल सके, जिसके लिए शहर के कुछ कालेजों के विद्यार्थियों को आयोजनों में विभिन्न जिम्मेदारी दी जाएगी। करीब 365 विद्यार्थियों को कार्यक्रम के पहले तीन दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसमें बताया जाएगा कि किस तरह से व्यवस्था संभालनी है।"

**- प्रतिभा पाल**, निगमायुक्त